# होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## परिपत्र 34

क्रमांक / 1768 / पीएस / डीजी / 2018, भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर, 2018

होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में पदस्थ स्वयंसेवी सैनिकों की ई0पी0एफ0 और पेशंन प्रदाय करने बावत् मॉग काफी समय से लम्बित चली आ रही है । प्रदेश में आयोजित लगभग प्रत्येक सैनिक सम्मेलन में इसे प्रदाय करने बावत् मॉग उठायी जाती रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए समस्त होमगार्ड विभाग के हित में 72वे स्थापना दिवस के अवसर पर होमगार्ड, नागरिक सरुक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक योजना की घोषणा की जाती है । यह योजना **नेशनल पेंशन सिस्टम (National Pension System, NPS)** के अन्तर्गत **न्यू पेंशन योजना (New Pension Scheme)** के नाम से होगी।

यह योजना पूर्ण रूपेण स्वैच्छिक होगी तथा इस योजना को व्यक्तिगत नांमांकन के आधार पर क्रियान्वित किया जावेगा । प्रत्येक जिले के इच्छुक स्वयंसेवी सैनिकों का एक पूलिंग एकाउण्ट होगा । जिसमें प्रत्येक सदस्य को एक प्रान नम्बर दिया जावेगा । प्रत्येक जिले में डी0डी0ओ0 स्वयंसेवी सैनिक के सहमति से प्रतिमाह 1000/– या 2000/– की राशि कटौत्रा कर इस पूलिंग एकाउण्ट होने में जमा किया जायेगा, जो तदोपरान्त उसी माह की 10 तारीख तक उसके प्रान नम्बर में स्थानांतरित कर दिया जायेगा । इस योजना के सुलभ संदर्भ हेतु अनुमानित गणना पत्रक संलग्न है, **(देखे परिशिष्ट–1)**।

इस योजना की विशेषताओं तथा अन्य जानकारियों के बावत् होमगार्ड विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा । इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट एवं प्रत्येक जिले से दो–दो होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिक सम्मिलित होगें ।

अधिकारियों, कर्मचारिया एवं स्वयंसेवी सैनिकों के हित में तदानुसार स्वैच्छिक रूप से **नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के अन्तर्गत न्यू पेंशन योजना (New Pension Scheme) 01 जनवरी 2019 से लागू की जाती है।**

**संलग्नः– परिशिष्ट–1**

(महान भारत सागर) 30.11.18
महानिदेशक,
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

पृ0क्रमांक / 1769 / पीएस / डीजी / 2018, भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2018

प्रतिलिपि –

1– अति0 पुलिस महानिदेशक, होमागर्ड मुख्यालय मध्यप्रदेश, जबलपुर।
2– अति0 पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश भोपाल।
3– एडीशनल कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड मुख्यालय मध्यप्रदेश, जबलपुर।
4– सीनियर स्टाफ आफीसर (स्था0 / प्रशि0 / वित्त), होमगार्ड मुख्यालय, जबलपुर।
5– कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, होमगार्ड मंगेली, जबलपुर।
6– समस्त डिवीजनल कमाण्डेन्ट, होमगार्ड मध्यप्रदेश / आपदा प्रबंधन भोपाल ।
7– समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट, होमगार्ड मध्यप्रदेश / आपदा प्रबंधन भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक, 30.11.18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश